# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई – कचरा पृथक्करण मार्गदर्शिका - २०२१

जन स्वास्थ्य कार्यालय और द रिसायकल प्रोजेक्ट, भा.प्रौ.सं. मुंबई का उपक्रम


पुनर्चक्रण मार्गदर्शिका

महत्वपूर्ण लेख | ✓ क्या करना है | ✗ क्या नहीं करना है | ⓘ क्यों करना है

## घर से दैनिक अपशिष्ट / कचरा जमा करना


### १ रसोई कचरा

केवल जैविक (ऑर्गेनिक) कचरा डालें|



- ✓ सब्जि तथा फल के छिलके|
- ✓ पका हुआ खाना एवं चाय पत्ती|
- ✓ हड्डी एवं बचा हुआ मांस|
- ✓ अंडों के छिलके (छोटे टुकड़े करके डालें )|
- ✓ फूल एव पत्ते|

अपने आँगन में सब्जी उगाने के लिए आप घर पर ही इस कचरे से खाद बना सकते हैं। इस कार्य में सहायता की आवश्यकता हो तो जन.स्वा. कार्यालय (पीएचओ) से संपर्क करें।




नारियल के छिलके को अलग से दें।

✗ **गीला प्लास्टिक इसमें नहीं डालें**| गीले प्लास्टिक को धोकर सुखाइए, उसके बाद ही पुनर्चक्रण थैली में डालें।

ⓘ इनका उपयोग हम जैविक खाद बनाने में कर सकते हैं, जो आपको मुफ्त में उपलब्ध कराया जाएगा।

### २ ज्वलनशील कचरा


ये कचरा अलग से दें। कागज की थैली में लाल क्रॉस (X) बना कर दें।



#### सैनिटरी कचरा

- ✓ सैनिटरी पैड, टैम्पून, विघटनशील पैड (बायोडिग्रेडेबल पैड), डायपर, निरोध, इत्यादी |
- ✓ उपयोग किये गए कपास, घाव पर बॉधनेवाली पट्टी (बैंडेज), लहू लगी हुई पट्टी, सर्दी-जुकाम में इस्तेमाल किए गए टिश्यु, इत्यादी |

✗ **यहाँ जैव-चिकित्सा कचरा (बायो-हैजर्ड) कचरा शामिल ना करें**|अधिक जानकारी के लिए क्र. ६ देखे|



#### अन्य कचरा

- ✓ गंदे प्लास्टिक, कागज और लत्ता जिन्हें साफ नहीं किया जा सकता है।
- ✓ विघटनशील (कम्पोस्टेबल) प्लास्टिक-बैग|

अन्न या तेल लगे हुए कागज|

ⓘ इससे किसी दूसरे व्यक्ति या प्राणी का इन वस्तुओं से स्पर्श नहीं होगा। ये कचरा अलग से चिन्हित करके देना हमारा कर्तव्य है। ऐसा न करना स्वच्छता कर्मचारियों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

### ३ लैंडफिल कचरा

- ✓ घर की सफाई धूल, बाल, कटे हुए नाखून एवं लिंट |
- ✓ चीनी मिट्टी से बनी वस्तुएं|

ⓘ यह अंतिम उपाय होना चाहिए। लैंडफिल में कुछ भी जोड़ने से पर्यावरण प्रदूषित होगा।


✗ **जिसे रिसायकल किया जा सकता है ऐसी वस्तु न डाले**, ऐसी सभी वस्तुओं को साफ कर के रिसाइकल किया जाना चाहिए।

## द्वि - साप्ताहिक अपशिष्ट / कचरा जमा करना

रवि सोम **मं** बुध गुरु **शुक्र** शनि

### ४ पुनर्प्रक्रिया (रिसाइकल) किये जानेवाला कचरा


हर वस्तु स्वच्छ और सूखी हुई हो।
रिसाइक्लिंग को देने से पूर्व हर वस्तु को भीतर से धोकर साफ़ करें तथा सूखने दें।



#### कागज और कार्डबोर्ड


- ✓ समाचार पत्र, कागज, पुस्तक, कार्डबोर्ड का डिब्बा, टेट्रा पैक।

साफ एवं सूखे **पिज़्ज़ा के डिब्बे।**



#### उच्च दाब में बंद किये डिब्बे

- ✓ फवारों के डिब्बे (अत्तर किटक नाशक, रूम फ्रेशनर )। सभी डिब्बे खाली हो। उनमें छेद न करें।



#### धातु

- ✓ डिब्बे, बोतलें, खिलौनें, धातु की वस्तुएं।



#### प्लास्टिक

- ✓ पानी की बोतल, कड़क तथा नरम प्लास्टिक, प्लास्टिक का आवरण, बहुपरत प्लास्टिक (मल्टी लेयर) थर्माकोल, स्टायरोफोम।
- ✓ खिलौने ( इलेक्ट्रॉनिक भाग को निकालकर इलेक्ट्रॉनिक कचरे की थैली में डालें। इलेक्ट्रॉनिक के साथ प्लास्टिक न दे)।




#### कांच

- ✓ कांच की वस्तुएँ ( बोतल, शिशा, बर्तन)।


टूटे हुए कांच की वस्तु को घने कागज या प्लास्टिक में बाँध के उसपर **'टूटी काँच वस्तुएँ'** या ‘Broken Glass’ लिखें।

✗ **कोई भी गन्दी वस्तु इसमें ना डालें**|जो वस्तु साफ़ करना असंभव ही हो उसे ही लैंडफिल कचरा भराव थैली में डालें।

✗ **चीनी मिट्टी से बनी वस्तुएं इसमें ना डालें**| इन्हें लैंडफिल कचरा भराव थैली में डालें।

✗ **इलेक्ट्रॉनिक भाग इसमें ना डालें**| इन्हें इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट में डालें।

### ५ इलेक्ट्रॉनिक कचरा



- ✓ उपयोग' की गयी बैटरी (सेल)।
- ✓ ट्यूब लाइटस या बल्ब्स ( टूटे हुए हो तो उसे अच्छी तरह से बांधकर दीजिये और **'टूटी कॉच वस्तुएँ'** या ‘Broken Glass’- X चिन्हित कीजिये)।
- ✓ लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल फोन, रसोई और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स।
- ✓ खिलौनों के इलेक्ट्रॉनिक भाग, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, तार, इत्यादी।

यथासंभव लंबे समय तक मरम्मत, और उपयोग करने का प्रयास करें।

### ६ जैव-चिकित्सा कचरा


#### स्वास्थ्य-चिकित्सा संबंधी कचरा





- ✓ सुई, आई. वी. फ्लुईड बैग, औषधि की शीशी।
- ✓ थर्मामीटर, ब्लेड, उस्तरा, ग्लुकोमीटर एवं उसकी सुई।
- ✓ फेस मास्क, व्यक्तिगत सुरक्षा यंत्रणा (पि. पि. ई.)।
- ✓ समय समाप्त हुई औषधियां।

यह कचरा प्रतिदिन देना हो तो जन.स्वा. कार्यालय से संपर्क करें।


### ७ अन्य कचरा



- ✓ पुराने कपड़े (कपड़े धुले हुए और साफ़ होने चाहिए)।
- ✓ चप्पल, जूते और सैंडल।
- ✓ लकड़ी, चमड़ा और रबड़ की वस्तुएं।
- ✓ फर्नीचर, गद्दे, तकिए और बड़े कपड़े।
- ✓ बड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरण।
- ✓ कोई भारी अपशिष्ट।
- ✓ साइकिल, प्राम और स्ट्रोलर।



### ८ पालतू पशु कचरा



- ✓ सभी पालतू जानवरों के मल को शौचालय में प्रवाहित किया जाना चाहिए।

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर जाए।

**जितना हो सके कचरा कम करें और पुन: उपयोग करें।**

अधिक जानकारी और सलाह के लिए www.iitb.ac.in/deanpl/pho.html देखें

**जन.स्वा. कार्यालय, भा.प्रौ.सं. मुंबई**
office.pho@iitb.ac.in • दूरभाष सं ७०५६, ४९५६